तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025



4 500 से अधिक उपभोक्ताओं का कटा कनेक्शन, तब पहुंचे बिल जमा करने






## खबर संक्षेप



### बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राबो डेम के पास दो बाइक की आमने.सामने भिड़ंत हो गई। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।बिलासखार निवासी बसंत राठिया सोमवार को अपने साथी देव सिंह चौहान के साथ स्प्लेंडर बाइक में सवार होकर रायगढ़ किसी काम से आया था। काम निपटने के बाद दोनों वापस अपने गांव जा रहे थे। वहीं भुईकुर्री निवासी रुपलाल रौतिया व उसका साथी दीपक रौतिया बाइक से अपने गांव की तरफ जा रहे थे। दोपहर करीब 2.30 बजे जैसे ही ये लोग राबो डेम के पास पहुंचे थे कि इनकी बाइक आमने.सामने भिड़ंत हो गई। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बसंत राठिया और रुपलाल रौतिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं देवसिंह चौहान और दीपक रौतिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए रायगढ़ भेजा गया।

### कंपनी नहीं कर रही है सीएसआर मद से गांव में कोई विकास



**रायगढ़।** नौकरी और गांव में विकास कार्य को लेकर ग्रामवासी अब शारदा एनर्जी के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। सोमवार को कलेक्टर जनर्दशन में ग्राम बिंजकोट के सैंकड़ो ग्रामीण सरपंच के साथ गांव में विकास कराने की फरियाद लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में सीएसआर मद से कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है और ना ही गांव के स्थानीय युवाओं को नौकरी दी जा रही है। जिस वजह से गांव के कई युवा बेरोजगार है। दरअसल ग्रामीण क्षेत्र के किसी भी इलाके में अगर कोई बड़ी कंपनी स्थापित की जाती है तो नियमानुसार उस कंपनी को सीएसआर के द्वारा गांव में कुछ विकास कार्य भी करवानें होते हैं। लेकिन गांव बिंजकोट में हालात इसके उलट है। इसी तारतम्य में ग्रामीणों नें कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शिकायत किया कि उनके गांव में संचालित कंपनी के द्वारा कोई विकास कार्य नहीं करवाया जा रहा है, जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गई थी, जिसके बाद प्रशासन, कंपनी प्रबंधक और ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता कर, कंपनी के द्वारा विकास कार्य करवानें का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक किसी भी प्रकार का कार्य शुरू नहीं हो सका है।

## अभी तक नहीं आया शासन से कोई आदेश-निर्देश, दो गांवों को मिलाकर बनी नगर पंचायत

# अरसे इंतजार के बाद अब काले हीरे की खान तमनार का नगरीयकरण

**सबकुछ ठीक रहा तो कुछ ही समय में बड़े शहरों की तर्ज पर होगा विकास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अरसे इंतजार के बाद काले हीरे की खान तमनार को अब नगरीकरण का दर्जा मिल गया है। तमनार और बासनपाली दो गांवों को मिलाकर तमनार नगर पंचायत का गठन किया गया है। राजपत्र में प्रकाशन होन के बाद तमनार एरिया में खुशी का माहौल है। तमनार को प्रदेश का 123 वां और जिले का 6वां नगर पंचायत बनाया गया है। हालांकि अब तक शासन से इसके लिए किसी तरह का आदेश-निर्देश कुछ आया नहीं है। जबकि नगरपंचायत गठन का राजपत्र में प्रकाशन 12नवंबर को ही हो गया है। जब तक वहां का सेटअप और अन्य कार्यो के लिए जरुरी निर्देश नहीं आता तब तक नगरपंचायत का संचालन नहीं किया जा सकता। एक बात तो तय है यदि सबकुछ ठीक रहा तो तमनार का काफी कम समय में बड़े शहरों की तर्ज पर विकास हो सकता है। चूंकि यहां काले हीरे की खान है और तमनार को विकास खान संचालकों को करना पड़ेगा। अधिसूचित क्षेत्र होने की वजह से तमनार को नगर पंचायत गठन की सारी कवायदें फेल हो जा रही थी। हालांकि अभी भी अधिसूचित एरिया में ही है, लेकिन कुछ नियमों में बदलाव कर तमनार को अब नगरीकरण का दर्जा दे दिया गया है। इसके लिए राजपत्र में नगरपंचायत गठन का प्रकाशन किया गया है। ऐसे में अब देर सवेर यहां नगरीय निकायों की तर्ज पर काम-काज चालू हो जाएगा।

### टैक्स का पड़ेगा दोहरा मार

नगरपंचायत बनने का फायदा के साथ नुकसान भी है। यहां के लोगों को अब टैक्स की दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। अब तक गांव के लोग जलकर के अलावा अन्य कोई भी टैक्स जमा नहीं कर रहे थे। अब उनको प्रापर्टी टैक्स जमा करना पड़ेगा। ऐसा भी नहीं कि यह राशि दो-चार सौ होगी, जितनी बड़ी प्रापर्टी उतनी अधिक राशि जमा करना होगा। दूसरी ओर दुकानों का किराया भी बतौर व्यावसायिक देना पड़ेगा। हालांकि वहां अब नगरपंचायत दुकान बनाकर बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए जोड़ेगी।

### सड़क, नाली, बिजली पानी होगी चकाचक

शहरों की तर्ज पर नगरपंचायतों को चकाचक किया जाता है। ऐसे में अब तमनार में सड़क, नाली, बिजली, पानी की सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। सबसे ज्यादा जरुरत सड़क औ नाली की होती है। इसका निर्माण अब आसानी से होगा। याने यहां की सड़कें भी अब चकाचक होगी।

दिलचस्प बात यह है कि काले हीरे की खान होने के बाद आज भी तमनार वहीं का वहीं है, विकास के नाम पर कुछ नया नजर नहीं आता है। यहां के लोगों को सड़क, नाली, पानी और बिजली जैसी सुविधाएं जरुरत के मुताबिक मुहैया ही नहीं हो पा रही है। अब तमनार को नगर पंचायत बना दिया गया है तो कुछ समय पर वहां यह सारी सुविधाएं व्यवस्थित होने की उम्मीद की जा रही है।



## कोतरलिया रायगढ़ सेक्शन के डाउन लाइन पर ब्रिज का हुआ री-गर्डरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोतरलिया.रायगढ़ रेलखंड के डाउन लाइन पर स्थित ब्रिज नंबर 136 का री-गर्डरिंग कार्य पूरा किया गया। यह कार्य पुराने गर्डरों के स्थान पर नए गर्डर लगाए जाने तथा उन्हें मजबूत किए जाने की प्रक्रिया है, जिससे पुल की दीर्घकालीन संरक्षा एवं मजबूती सुनिश्चित की जा सके। इस पुल में कुल 3 गर्डर हैं, जिनमें से प्रत्येक का स्पैन 18.3 मीटर है। कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए डाउन लाइन पर 12.15 बजे से 06.15 बजे तक 6 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया। वहीं अप लाइन पर गर्डरों की आवाजाही के लिए 3 घंटा 40 मिनट का ब्लॉक लिया गया। कार्य के निष्पादन के लिए प्रमुख रूप से कई व्यवस्थाएं की गईए जिनमें 300 मीट्रिक टन क्षमता का रोड क्रेन हावड़ा छोर पर लगाया गया। इसके माध्यम से 2 पुराने गर्डर हटाए गए तथा 2 नए गर्डर स्थापित किए गए। इसके आलावा 250 मीट्रिक टन क्षमता का रोड क्रेन बिलासपुर छोर पर तैनात किया गयाए जिसके द्वारा 1 पुराना गर्डर हटाया गया व 1 नया गर्डर स्थापित किया गया। इसके साथ ही, पुल संख्या 136 डाउन पर संरक्षित एवं सुगम रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए 108 स्टील चैनलों को एच.बीन स्लीपरों से प्रतिस्थापित किया गया। ब्रिज संख्या 136 डाउन लगभग 100 वर्ष पुराना है। इसके गर्डरों के प्रतिस्थापन से पुल की संरचनात्मक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे इस खंड में रेल संचालन अधिक संरक्षित और विश्वसनीय हो सकेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के ब्रिज सेल ने कार्य को निर्धारित ब्लॉक अवधि में सफलतापूर्वक संपन्न किया।

## अवैध तरीके से परिवहन, 114 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर पुलिस ने अवैध धान की आवक पर रोक लगाने की कार्रवाई में ओड़िशा से छत्तीसगढ़ परिवहन कर रहे दो पिकअप वाहनों को पकड़ा है। जिनसे कुल 114 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। पहली कार्रवाई में लारा बेरियर के पास वाहन चालक आदित्य सागर पिता शरद सागर 21 निवासी बड़े हरदी कर पिकअप को रोका गया, जिसमें 50 बोरी धान लोड था। दूसरी कार्रवाई में बस स्टैंड पुसौर के पास वाहन चालक सुदामा साहू पिता भरत साहू 31 निवासी भैनातोरा थाना आमाभौना की पिकअप से 64 बोरी धान बरामद किया गया। दोनों वाहन चालकों के पास धान परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं था।

## अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का रास्ता साफ न्यू सारंगढ़ बस स्टैंड का होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए शासन ने 22 करोड़ 28 लाख की स्वीकृति मिल गई है। याने अब न्यू सारंगढ़ बस स्टैंड का उन्नयन होगा। यहां से प्रदेश के अलावा ओड़िशा, झारखंड, बिहार तक बसें चलती हैं। बस स्टैंड के उन्नयन होने से लाखों यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा। दरअसल रायगढ़ नगर निगम के लिए 64 करोड़ 66 लाख के तीन कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसमें 29 करोड़ 57 लाख से न्यू शनि मंदिर से छठघाट तक मरीन ड्राइव विस्तार, 12 करोड़ 81 लाख से एफसीआई के पास ऑक्सीजोन-कम-स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। इसी तरह 22 करोड़ 28 लाख रुपए का न्यू सारंगढ़ बस स्टैंड (अंतरराज्यीय बस टर्मिनल) का उन्नयन कार्य शामिल है।

## घर के अंदर घुसे तीन चोरों को जोबी पुलिस ने पकड़ा



**रायगढ़।** जोबी पुलिस ने रविवार की देर रात ग्राम खडगांव में घर के अंदर चोरी के इरादे से घुसे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। घटना के संबंध में खडगांव निवासी श्रीमती ज्योति कुमारी महंत 28 ने 30 नवंबर को पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 29 नवंबर की रात घर के सभी सदस्य अपने.अपने कमरों में सोए हुए थे। रात करीब 1 बजे उसे ड्रेसिंग टेबल के दराज खुलने की आवाज सुनाई दी। जब वो उठकर देखी तो गांव का नीलाम्बर सारथी दराज खोल रहा था। शोर मचाने पर वह बाहर की भाग गया और उसके दो साथी उसे लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। घर की जांच करने पर उसका मोबाइल फोन गायब मिला। मोबाइल चोरी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस चौकी जोबी में आरोपी नीलाम्बर सिंह सारथी और उसके दो साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। इसके बाद पुलिस ने तत्काल पतासाजी कर नीलाम्बर को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथियों श्याम सुंदर डनसेना और भूषण सिदार के साथ चोरी करना स्वीकार किया। दोनों अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने धर दबोचा। आरोपियों ने चोरी किया गया मोबाइल तालाब में फेंकने की बात स्वीकार की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जप्त कर लिया है।

## राउरकेला में बड़ा साइबर फ्रॉड रैकेट का खुलासा

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस ने एक संगठित साइबर अपराध सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है जो बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर म्यूल बैंक अकाउंट बनाकर देश विदेश में साइबर ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम दे रहा था। इस मामले में राउरकेला थाना कांड संख्या 27, 29 नंबर विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है। गैंग का मॉडस ऑपरेंडी बेरोजगार युवाओं व जेल में बंद अपराधियों की मदद से म्यूल अकाउंट तैयार पुलिस के अनुसार यह गिरोह राउरकेला और आसपास के क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं यहां तक कि जेल में बंद छोटे अपराधियों को साथ मिलाकर बड़ी संख्या में फर्जी बैंक खाते खुलवाता था। इन खातों के लिए गैंग लोगों के आधार, सिम कार्ड और फोटो पहचान पत्र की नकल करता फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर झल्व नियमों को दरकिनार करता। बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से संदिग्ध खाते आसानी से सक्रिय करवा लेता। म्यूल खातों को बाद में देशभर के साइबर अपराधियों को किराये बेचे जाते थे। साइबर ठगी से प्राप्त धन एकत्र करने के लिए पास थ्रू खाते के रूप में उपयोग किया जाता था। मनी ट्रेल छिपाने के लिए लेयरिंग कर रकम भारत और विदेशों में भेजी जाती थी। एक खाते की कीमत मात्र 8 से 10 हजार तय था जो गैंग के सदस्यों में बांटी जाती थी। राउरकेला से सक्रिय किए गए ये खाते बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, रायपुर, कोलकाता सहित कई राज्यों में भेजे जाते थे। कुछ अंतरराष्ट्रीय कड़ियाँ भी सामने आई हैं।गिरफ्तार आरोपीः अजय कुमार साह, निवासी शान्तिनगर, रघुनाथपाली, राउरकेला, सितांशु कुमार स्वाइन 35, कर्मचारी इंडसइंड बैंक कॉलोनी, सिबा शंकर पटनायक 32 कैशियर कोटक महिंद्रा बैंक, पनपोष, प्रभंजन नायक 26 पूर्व कर्मचारी इंडसइंड बैंक, वर्तमान महिंद्रा फाइनेंस, लाठीकाटा शामिल है। जब्त सामानों में 12 एटीएम कार्ड, 1 हार्ड ड्राइव, 3 आधार कार्ड, 3 बैंक पासबुक, 5 चेकबुक, 1 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता-सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता-पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता-शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण**- 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण**- 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


### दो दिन छाए रहेंगे बादल, छंटते ही फिर बढ़ेगी ठंड

## चक्रवाती तूफान का असर, फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चक्रवाती तूफान दितवाह के असर से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलनें वाला है। आनें वाले दो दिनों तक तापमान में 3 डिग्री तक की बढ़ोत्तरी देखनें को मिल सकती है।मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में हल्के बादलों के छाये रहनें के कारण न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की तक की वृद्धि होने की संभावना है। इसके बाद एक बार फिर से तापमान गिरनें की बात की जा रही है। न्यूनतम तापमान में गिरावट आनें के बाद भी सर्द हवाओं से ठंड़क बरकरार है। बार बार मौसम बदलनें का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। इसके कारण मौसमी बीमारियों से पीड़ितों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवाती तूफान दितवाह के प्रभाव से आगामी तीन दिनों तक जिले के न्यूनतम तापमान में लगातार उतार चढ़ाव देखनें को मिलेगा। वहीं कुछ स्थानों पर हल्की बूदांबांदी भी हो सकती है।

### बादल छंटते ही बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के अनुसार सिनोप्टिक सिस्टम दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी तमिलनाडु पुडुचेरी के तटों पर चक्रवाती तूफान दितवाह के उत्तर की ओर बढ़ गया है। जिसकी वजह से अवदाब के कमजोर पड़नें की प्रबल संभावना है। जिसकी वजह से प्रदेश के कई जिलों में आगामी कुछ दिनों तक बादल छाएं रहेगी।बादलों के छंटते ही एक बार फिर से ठंड़ से तेजी से बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### धान काटने के दौरान हार्वेस्टर में दब कर महिला की मौत

रायगढ़। घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत धान काटने के दौरान एक महिला हार्वेस्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चारमार निवासी सुनंदा गुप्ता पति सफेद गुप्ता 45 दोपहर में हार्वेस्टर से धान कटाई करा रही थी। इस दौरान उसने खेत के कोने में लगे धान फसल को खुद काटकर हार्वेस्टर में डाल रही थी ताकि फसल नुकसान न हो। इस दौरान खेत के दूसरे छोर पर हार्वेस्टर चल रहा था और महिला अलग छोर में लगे फसल को काट रही थी। तभी हार्वेस्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तेज गति से वाहन को बैक कर दौड़ाया तो सुनंदा गुप्ता हार्वेस्टर की चपेट में आ गई। इससे जब तक वह भाग पाती कि वाहन ने उसे मेढ़ में ही दबा दिया। जिससे उसके कमर व अन्य जगह में अंदरुनी चोट लग गई। ऐसे में महिला के कराहने की आवाज सुनकर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए मेट्रो अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने प्राथमिक जांच में ही गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिंदल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया।

### महतारी वंदन योजना से सकारात्मक परिवर्तन

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। ग्राम पंचायत जोकारी की मंजू भगत भी इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। वे बताती हैं कि प्राप्त राशि से उनके परिवार के दैनिक खर्चों में उल्लेखनीय सहूलियत मिली है। यह सहायता वे किराना सामग्री खरीदने, बच्चों की शिक्षा में सहयोग, तथा स्वयं के छोटे-मोटे आवश्यक खर्चों पर उपयोग करती हैं। योजना से मिली आर्थिक सुरक्षा ने उनके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा है।

### गणना पत्रक सत्यापन की अवधि 11 तक

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 एवं 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार 11 दिसम्बर 2025 को गणना पत्रक सत्यापन, 16 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 16 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति, 16 दिसम्बर 2025 से 07 फरवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन कार्य एवं 14 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित है।

## गेट से नदारद है अस्पताल का नाम, पहचान के लिए भटक रहे मरीज

# कोल्हेंनझरिया स्वास्थ्य केंद्र का वाहन स्टैंड बना सफेद हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

फ़रसाबहार विकास खंड के ग्राम कोल्हेंनझरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी धन के दुरुपयोग और ठेकेदार की मनमानी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में मरीजों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए जिस गाड़ी स्टैंड (वाहन पार्किंग) के निर्माण को मंजूरी मिली थी, वह ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है।

■ सड़क पर वाहन खड़ी करने को मजबूर डॉक्टर और स्टाफ

और ठेकेदार मौके से फरार हो चुका है। इस अधूरे निर्माण के कारण, जहाँ एक ओर लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है, वहीं ⏭ शेष पेज 4 पर



**अस्पताल का नाम ही नहीं:** सबसे अधिक लापरवाही की बात यह है कि अस्पताल के मुख्य गेट पर अभी तक कोई सूचना या (साईन बोर्ड) भी नहीं लगाया गया है। बाहरी मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल ढूंढने और सेवाओं की जानकारी लेने में भारी कठिनाई होती है।इस लापरवाही का सीधा असर अस्पताल के सुचारु संचालन पर पड़ रहा है। इसके साथ ही डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपने वाहन कहां खड़े करें? उन्हें मजबूरन खुले में या सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है, जिससे वाहन चोरी और क्षति का खतरा बना रहता है। जब सुविधाएँ ही नहीं होंगी, तो हम अच्छी सेवाएं कैसे दे पाएंगे।

### नहीं होती कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार, स्थानीय निवासियों और अस्पताल प्रबंधन ने इस अधूरे काम और ठेकेदार की लापरवाही के संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायत की है। बावजूद इसके, शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन का यह मौन इस बात को बल देता है कि कहीं न कहीं अफसरशाही और ठेकेदार के बीच मिलीभगत है, जिसके कारण भ्रष्ट तत्वों को संरक्षण मिल रहा है। कोल्हेंनझरिया का यह मामला दिखाता है कि कैसे छोटे स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार, आम जनता को मिलने वाली बुनियादी सेवाओं को प्रभावित करता है।

### मामला अधिकार क्षेत्र से बाहरः बीएमओ

इस मामले में जब फरसाबहार के बीएमओ डॉ.विनय भगत से सवाल किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र से ऊपर का है। उन्होंने कहा कि यह टेंडर जिला स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में होता है। कोल्हेंनझरिया अस्पताल का कार्य अधूरा है, इसकी जानकारी है। मैंने इस संबंध में सीएमएचओ को अवगत करा दिया है।

# लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



ग्राम भट्ठी कोना में जमीन के पुराने विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसमें एक पक्ष ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना बगीचा के अनुसार प्रार्थी सज्जन राम नगेसिया और आरोपी देवनन्दन यादव का खसरा क्रमांक 221/1 की शासकीय भूमि को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा है। प्रार्थी रविवार सुबह अपने परिवार के साथ खसरा क्रमांक 221/3 में घेरा लगाने और हल जोतने गया था।उसी दौरान आरोपी देवनन्दन यादव अपने परिजनों के साथ वहाँ पहुंच गया और लगाए गए खंभे उखाड़ने लगा। विवाद बढ़ा तो आरोपियों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी राजेश यादव ने कुल्हाड़ी से प्रार्थी के पुत्र पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। प्रार्थी और परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए हैं।

### पुलिस की करवाई आगे भी जारी रहेगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर हुए प्राणघातक हमले के सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

रिपोर्ट पर थाना बगीचा में बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 109 और 191(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एसडीएम बगीचा और एसडीओपी बगीचा तुरंत मौके पर पहुंचे। विवादित स्थान का निरीक्षण किया गया और क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया।

### चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों में देवनन्दन यादव उम्र 68 वर्ष,केशव प्रसाद यादव उम्र 66 वर्ष,राजेश यादव उम्र 36 वर्ष, रामस्नेही यादव उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम झापी दरहा को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी भी जप्त कर ली गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# धान का अवैध परिवहन, पिकअप जब्त

जशपुरनगर। जिले में अवैध धान परिवहन पर पुलिस की कड़ी निगरानी का असर लगातार दिख रहा है। चौकी पंडरा पाठ पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए बिना दस्तावेज के 10 क्विंटल धान से भरा पिकअप जब्त किया है। पुलिस को देखकर वाहन चालक पिकअप मोड़कर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने पीछा कर उसे रोक लिया।

30 नवंबर को चौकी पंडरा पाठ क्षेत्र में पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सन्ना की ओर से आ रहा पिकअप क्रमांक जेएच -07 एम -9272 पुलिस को देखते ही तेजी से वापस मुड़कर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर वाहन को रोका। जांच में वाहन में 10 क्विंटल धान भरा मिला।वाहन चालक ने अपना नाम आनंद यादव उम्र 30 वर्ष, निवासी भादु, थाना सन्ना बताया तथा पिकअप का मालिक खुद को ही बताया। धान के संबंध में दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई भी वैध कागज प्रस्तुत नहीं कर सका।




### जिला प्रशासन को सौंपा गया वाहन व धान

पुलिस ने वाहन और धान दोनों को जब्त करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया है। धान कहां से लाया जा रहा था और कहां ले जाया जा रहा था, इसका खुलासा अभी जांच में होना बाकी है।

### एसएसपी बोले, अवैध धान परिवहन पर सख्ती जारी

जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जिले में अन्य राज्यों से होने वाले अवैध धान परिवहन पर पुलिस की सतत निगरानी बनी हुई है। पंडरा पाठ में जब्त किए गए 10 क्विंटल धान की जानकारी जिला प्रशासन को दे दी गई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।जशपुर पुलिस अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

### एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की तिथि बढ़ी

जशपुरनगर। किसान हितों को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल पर कैरीफारवर्ड, डूबान तथा वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन हेतु निर्धारित समय सीमा बढ़ा दी गई है। विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अब यह प्रावधान 15 दिसम्बर 2025 तक सभी समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध रहेगा। पूर्व में विभाग ने 30 नवम्बर 2025 तक इन प्रावधानों को समिति लॉगिन में उपलब्ध कराया था। किन्तु कैरीफारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन की प्रक्रिया अभी जारी होने के कारण समय विस्तार आवश्यक पाया गया।

# सरसीवा के शासकीय कॉलेज को दूरस्थ ग्राम में ले जाने की कोशिश

सरसीवा। नगर पंचायत सरसीवा के हजारों छात्रों, अभिभावकों और जागरूक नागरिकों के शिक्षा अधिकार पर मंडरा रहे खतरे को लेकर अब जनआंदोलन का स्वर तेज हो गया है। साल 2020-21 में सरसीवा में शासकीय महाविद्यालय स्वीकृत किया गया था। अधिसूचना जारी होने से लेकर बजट प्रावधान एवं भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन तक की प्रक्रिया सरसीवा में पूर्ण हो चुकी है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर कुछ निहित स्वार्थी तत्व विशेषकर निजी महाविद्यालय संचालकों के दबाव में इस कॉलेज को सुदूरवर्ती ग्राम धोबनी में स्थानांतरित करने की पहल की जा रही है, जिससे क्षेत्र के युवाओं में रोष युवाओं का भविष्य दाव पर लगता दिख रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि अनुसूचित जाति बाहुल्य यह क्षेत्र हमेशा से यहां के स्वार्थी और ओछी राजनीति के चलते उपेक्षित रहा है। आमजन के कहना है पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के कार्यकाल में ही क्षेत्र के विकास को गति मिलते हुए दिखी। सरसींवा क्षेत्रवासियो के बहुप्रतीक्षित मांग सरसींवा में तहसील और नगरपंचायत सहित महाविद्यालय का स्वप्न पूर्व विधायक के कार्यकाल में ही पूर्ण होते दिखा जहाँ अब सत्ता परिवर्तन बाद क्षेत्र में फिर से राजनीति हावी हो चुकी है।

महाविद्यालय स्थापना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त तथ्यों की दृष्टि से देखें तो सरसीवा और धोबनी के मध्य परिस्थितियाँ बिल्कुल भिन्न हैं। जहाँ सरसींवा पूरे क्षेत्र का एक केंद्र बिंदु व बड़ा व्यापारिक केंद्र है। जहाँ मुख्य मार्ग पर बसे सरसींवा नगर में चारों ओर से आवागमन की सुविधा है। सरसीवा की अनुमानित जनसंख्या 22 हजार है जबकि धोबनी की जनसंख्या 3 हजार से भी कम। हरसाल 12वीं उत्तीर्ण होने वाले छात्र सरसीवा में 850, जबकि धोबनी में यह संख्या 80 से भी कम। सरसीवा एक विकसित नगर पंचायत है वहीं धोबनी एक साधारण ग्राम पंचायत मात्र। सरसीवा 130 गांवों से जुड़ा हुआ है जहां 60 से अधिक दैनिक बसें, यातायात सुविधा उपलब्ध है। सरसीवा आसपास के 40 गाँवों का वाणिज्यिक व शैक्षणिक केंद्र है और अधिकांश परिवारों के बच्चों के लिए यही सबसे सुलभ शिक्षा केंद्र है। इन सभी आंकड़ों से स्पष्ट है कि शासकीय महाविद्यालय का वास्तविक, तर्कसंगत और रणनीतिक स्थान केवल और केवल सरसीवा ही है। धोबनी में महाविद्यालय स्थापित करना न तो शैक्षणिक दृष्टि से लाभकारी है, न ही जनहित में।



### स्थानीय नागरिकों में आक्रोश

सरकारी कॉलेज को सरसीवा से स्थानन्तरित करने का प्रयास हजारों गरीब और मध्यमवर्गीय छात्र छात्राओं व उनके परिवारों के भविष्य पर कुठाराघात है। यह सरसीवा की पीढ़ियों के सपनों को तोड़ने जैसा है। सरसीवा में सरकारी महाविद्यालय की स्थापना केवल एक प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास, सामाजिक न्याय और शिक्षा अवसरों की समान उपलब्धता का प्रश्न है। यदि कॉलेज को धोबनी स्थानांतरित करने की कोशिशें जारी रहीं, तो स्थानीय जनता बड़े स्तर पर लोकतांत्रिक संघर्ष के लिए बाध्य होगी।

# जिले के युवाओं को कौशल विकास की योजनाओं से करें लाभान्वितः कलेक्टर

जशपुरनगर। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन, खनिज, उद्योग, श्रम, उद्योग व्यापार केंद्र, ग्रामोद्योग, अंत्यावसायी, कौशल विकास तथा आजीविका कॉलेज सहित संबंधित विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

बैठक में उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, मुख्यमंत्री घोषणाएं, टीएल-जनदर्शन-पीजीएन, एसडीजी इंडिकेटर्स, पीएम सूर्यघर, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएँ, विभागीय योजनाएँ, बजट उपयोगिता, ई-केवाईसी, स्थापना, कंडेम्ड वाहन, कलेक्टर कॉन्फ्रेंस एजेंडा, निष्क्रिय बैंक खाते एवं अगले बजट हेतु प्रस्ताव जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विभागवार प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करें और सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कौशल विकास विभाग को जिले के अधिक से अधिक युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, मैकेनिक जैसे व्यवसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बैनर, पोस्टर एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर युवाओं को जागरूक करने कहा। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने वन विभाग को टीएल में लंबित आवेदनों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केंद्र को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लक्ष्यों की जानकारी लेकर अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। साथ ही जेम पोर्टल में उद्यमियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जशपुर नगर में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



# इंडियन आर्मी से रिटायर होने के बाद फौजी पन्नेलाल का अनोखा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

इंडियन आर्मी से रिटायर होने के बाद जब फौजी अपने गांव लौटे तो पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बीटीआई चौक के समीप गांव वालों ने पारंपरिक आरती, गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

बता दें कि पत्थलगांव निवासी पन्नेलाल लकड़ा 18 साल तक बिहार रेजिमेंट में पदस्थ थे। अपने लंबे सैन्य कार्यकाल में उन्होंने चाइना बॉर्डर, सियाचिन ग्लेशियर, भूटान बॉर्डर सहित कई कठिन और रणनीतिक क्षेत्रों में देश की सेवा की है। उनकी घर वापसी पर गांव में वर्षों से चली आ रही अनोखी परम्परा भी निभाई गई। गांव की सीमा न्यायालय के समीप पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने स्वागत किया, महिलाओं ने स्वागत गीत ओर आरती' उतारकर उनका सम्मान किया। गांववासियों ने कहा पन्नेलाल लकड़ा हमारे गांव का गर्व हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा की है, इसलिए उनका स्वागत हमारे लिए सम्मान और उत्सव दोनों है।



# विद्यार्थी विज्ञान मंथन के लिए जशपुर के 7 छात्रों का चयन

जशपुरनगर। डिजिटल बेस्ड विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा विद्यार्थी विज्ञान मंथन के तीसरे चरण में राज्यस्तरीय कैंप के लिए जशपुर के 7 छात्रों का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि इसका आयोजन भारत के साथ साथ अरब देशों में भी किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान को लेकर उत्सुकता उत्पन्न करना और भारत के वैज्ञानिकों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित करना हैं। इस परीक्षा के प्रथम दो चरणों में भी जशपुर के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए रिकॉर्ड कायम किया था, जिले के कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने भी छात्रों के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु विशेष अभियान चला कर हर संभव सहयोग प्रदान किया था। उसके पश्चात द्वितीय एवं तृतीय चरण में भी बड़ी संख्या में क्वालीफाई करते हुए राज्य स्तर पर 7 छात्रों ने स्थान बनाया है। इस परीक्षा हेतु प्रथम चरण की परीक्षा की परीक्षा 28 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच तथा दूसरे चरण की परीक्षा 19 से 23 नवंबर के बीच आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 150 छात्रों का चयन राज्य स्तरीय कैंप हेतु किया गया है जिनमें 7 जशपुर जिले के छात्र भी शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक शाला ढोड़ीडांड़ कुनकुरी से शिवानी चौहान कक्षा 8, सोनिका बाई कक्षा 8, मोनिका बाई कक्षा 8 एवं अर्पिता शर्मा पीएमश्री सेजेस कुनकुरी कक्षा 8, निशा कुजूर सेजेस पतराटोली कक्षा 9, आयुषी पन्ना सेजेस पतराटोली कक्षा 9 , रोहन कुमार साहू पीएम श्री सेजेस कोतबा कक्षा 9 शामिल हैं।

## ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत, सौंपा ज्ञापन, करेंगे अनशन

# जहां होना था स्टॉप डेम निर्माण, ठेकेदार ने अपने मन मुताबिक कर दिया परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम खैरपाली के वांशिदों ने उनके गांव में स्टॉप डेम निर्माण को लेकर कलेक्टर से शिकायत किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार जहां स्टॉप डेम निर्माण होना है उस जगह को अपने मन मुताबिक बदल दिया है। याने ठेकेदार ने गांव में बनने वाली स्टॉप डेम का अपने सुविधानुसार स्थान परिवर्तन कर दिया गया है।

ज्ञात है कि जिले के ग्राम पंचायत बनोरा के अंतर्गत आनें वाली खैरपाली में शासन के द्वारा स्टॉप डेम के निंमाण को स्वीकृती दी गई है। जिसके लिए गांव के चूर्नीघाट बुढ़ीमाई के पास स्थान को चिन्हांकित किया गया है। लेकिन उक्त ठेकेदार के द्वारा स्टॉपडेम का स्थान अपने अनुरूप परिवर्तन कर डूमरपाली में निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों नें शिकायत करते हुए बताया कि डूमरपाली में स्टॉप डेम के निंमाण की वजह से गांव को लाभ मिलने की जगह परेशानियों का सामना करना पड़ेगा । कार्रवाई नहीं तो करेंगे अनशन ग्रामीणों के अनुसार अभी डूमरपाली में स्टॉप डेम का निर्माण करवाया जा रहा है। चूंकि डूमरपाली, खैरपुर से उपर की ओर स्थापित है। जिससे गांव को कोई लाभ नहीं मिलेगा । गांव और गाव के आसपास किसी भी स्थान में निस्तारी के लिए कोई भी तालाब या अन्य सुविधा नहीं है। ऐसे में स्टॉप डेम के निंधारित स्थान पर निंमाण नहीं होनें की वजह से भविष्य में पानी की समस्या हो सकती है।



ग्रामीणों नें बताया कि अगर चिन्हांकित स्थान पर स्टॉप डेम का निर्माण नहीं कराया गया तो उनके द्वारा अनशन किया जायेगा ।

## हेल्थ प्लस

# डॉ आरएल हॉस्पिटल में न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ साहू उपलब्ध रहेंगे आज

रायगढ़। गौशाला रोड स्थित डॉ. आरएल हॉस्पिटल में मरीजों के जाँच और परामर्श के लिए न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ साहू 2 दिसंबर मंगलवार को रायगढ़ आएंगे। डॉ. साहू यहाँ सुबह 11 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे इस दौरान वे पंजीकृत मरीजों का जाँच व ईलाज करेंगे। डॉ. आरएल हॉस्पिटल में इसके लिए पूरी तैयारी की गयी है।



अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार डॉ. सिद्धार्थ न्यूरो रोग से सम्बंधित तेज सिरदर्द, दृष्टि समस्या, संतुलन की समस्या, कमजोरी या सुन्नपन, स्मृति और सोचने की समस्या, मिर्गी दौरे, भाषा और बोलने की समस्या आदि बीमारीयों का जाँच एवं उपचार करेंगे इसके लिए अस्पताल के मोबाइल न. 9179618171 में अग्रिम पंजीयन किया जाएगा। असुविधा के बचने के लिए अग्रिम पंजीयन करने की अस्पताल ने अपील की है।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

## लाइफ Style



# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।




# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच


***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ नागरिक संघ की नई कमेटी का गठन

**राउरकेला।** रविवार को वरिष्ठ नागरिक संघ का वार्षिक अधिवेशन संघ परिसर में हुआ। मंच का संचालन दिलिप कुमार पंडा कार्यकारी अध्यक्ष ने किया जबकि अध्यक्षता डॉ. ए के प्रहराज ने की। सभापति ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। अधिवेशन में मंजुला रथ के सुझाव पर वरिष्ठ महिलाओं को संघ से जोड़ने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इसके साथ ही संघ परिसर में उपाध्यक्ष अतुल सांघ्वी के निर्देशन में बच्चों के लिए संस्कार और सनातन संस्कृति सिखाने हेतु शाखा शुरू करने की घोषणा की गई।

### 5वीं पास होमगार्ड परीक्षा में उच्च शिक्षितों की भीड़

**सुंदरगढ़।** जिले में बढ़ती बेरोज़गारी की चिंताजनक तस्वीर उस समय सामने आई जब 5वीं पास योग्यता वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा में हज़ारों उच्च शिक्षित अभ्यर्थी पहुच गए। केवल 201 रिक्त पदों के लिए 9 हजार से अधिक युवाओं ने लिखित परीक्षा में हिस्सा लिया। न्यूनतम योग्यता कक्षा 5 होने के बावजूद भीड़ में स्नातक, स्नातकोत्तर, बीएड बीटेक और एम टेक डिग्रीधारी उम्मीदवार शामिल थे। यह स्थिति जिले में रोजगार विकल्पों की गंभीर कमी को दर्शाती है।

### तीन अपराधी गिरफ्तार, दो फरार

**राउरकेला।** प्लांटसाइट थाना क्षेत्र में पुलिस की तत्परता से एक गंभीर अपराध होने से टल गया। पकड़े गए आरोपियों में चंदन यादव उर्फ लेंगटू पुत्र राम भरोसे उर्फ़ राजकुमार यादव गोपबंधु पाली निवासी, शमशेर खान उर्फ लालुआ पुत्र मनीर खान मालगोदाम निवासी, और बिलाल मंसूरी पुत्र सलिम मंसुरी गोपबंधु पाली निवासी शामिल हैं। दो अन्य युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार आरोपियों को फ्रूट मार्केट, बिसरा चौक के पीछे सुनसान स्थान पर हथियारों दो तलवार और एक भुजाली के साथ डकैती की तैयारी करते हुए पकड़ा गया। वे राहगीरों, आसपास के घरों, दुकानों और पेट्रोल पंप को निशाना बनाने की फिराक में थे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने एक बड़ी वारदात को समय रहते रोक दिया। तीनों आरोपी कई गंभीर मामलों चोरी, लूट, हमला, पॉक्सो, हथियार अधिनियम आदि में पूर्व से वांछित संलिप्त रहे हैं।

### स्मार्ट सिटी के खिलाफ दुकानदारों का विरोध

**राउरकेला।** पानपोश पुराने मार्केट तोड़कर नए मार्केट बनाने का आश्वसन दिया गया था और दुकानदारों को टेंपररी टीन शेड में भेजा गया और अब अलॉटोमेंट के बाद टेंपरेरी टीन शेड को नीलाम करने की प्रक्रिया स्मार्ट सिटी द्वारा किया जा रहा है जिस कारण आज दुकानदारों ने दुकान बंद कर विरोध प्रदान कर एडीएम से मुलाकात की तत्कालीन एडीएम ने दुकान अलॉटमेंट के बाद टीन शेड को डिमॉनिसाइज्ड करने की बात कही थी पर आज इस आरएमसी और स्मार्टसिटी बिल्कुल विपरीत कम कर रही है। तत्कालीन कमिश्नर आवंटन के 2 महीने बाद ही टीन शेड दुकानों को डिमोनाइज़्ड करने की बात कही भी थी और लिखित रूप में भी दिए थे। पानपोश मार्केट की और से उत्तम वर्मा, रंजन साहू, बिप्लब गुप्ता, अमित साहू, संतोष साहू, सुरेन प्रसाद, अजीत मोहंती, संभु अग्रवाल, शिवा भाई, कृष्ण साहू, सतीश जायसवाल प्रमुख थे।

### निधन...

#### अहिल्या गुप्ता

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 9 में



निवासरत 99 वर्षीय अहिल्या गुप्ता पति निताई गुप्ता का निधन हो गया। उनके निधन से पुसौर में शोक की लहर है।

---

#### स्मार्ट मीटर लगने के बाद विभाग अब वसूली में अपना रही स्मार्ट तरीका

# 500 से अधिक उपभोक्ताओं के कटे कनेक्शन, तब पहुंचे बिल जमा करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब विभाग बकाया वसूली करने के लिए जुगत में लग गया है। इसके लिए विभाग स्मार्ट तरीके अपना रही है। गौरतलब है कि जिले में बिजली विभाग के द्वारा वर्तमान में वसूली अभियान चलाया जा रहा है।

सालों से जिन बकायदारों ने बिल जमा नहीं किया है उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इसके लिए विभाग के द्वारा बड़े बकायदारों की बिल के अमाउंट के हिसाब से सूची बनाया गया है। जिसके तहत 1 लाख से उपर के बिल वाले 93 लोग, 50 हजार से एक लाख के बीच वाले 1400 लोगों की सूची विभाग के द्वारा तैयार की गई है। विभागीय कर्मचारियों के





मुताबिक उन्होंने पहले बड़े बकायदारों को बिल जमा करने के लिए नोटिस भी भेजा था, लेकिन उनके द्वारा बिल जमा नहीं कराया गया। जिसके बाद अब विभाग के द्वारा कनेक्शन काटनें की कार्यवाही की जा रही है। बिजली विभाग के द्वारा चलाए जा रहे वसूली अभियान में 10 करोंड़ से अधिक की वसूली का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत विभाग को 1 लाख से उपर के बकाया बिल वाले 93 लोगों से 1 करोड़ 33 लाख और 50 हजार से 1 लाख के बीच वाले 1400 लोगो से 9 करोड़ 33 लाख की वसूली करनी है।

> विभाग के द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई से पहले 3 दिनों का अल्टीमेंटम दिया जाता है। पूरी बिल जमा होने तक कार्रवाई जारी रहेगी ।
>
> आरके राव
> ईई सीएसईबी

विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा बिल वसूली के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। एक टीम ग्रामीण अंचल, दूसरी टीम रायगढ़ शहरी और तीसरी टीम किरोड़ीमल नगर में हर रोज कार्यवाही कर रही है। इस कार्यवाही में अब तक 550 लोगों के कनेक्शन काटे जा चुके हैं। जिसके बाद कई लोगों ने बिल जमा कराया है। इस कार्यवाही के बाद विभाग को अब तक कुल 1 करोड़ 70 लाख की वसूली हो चुकी है।

---





## अंग्रेजी की शिक्षिका पर छात्र ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में शिक्षण व्यवस्था दिनों दिन विवादों में घिरती जा रही है। पहले से ही समय पर कक्षाएँ न लगने, शिक्षकों का मुख्यालय से अनुपस्थित रहने और अनुशासनहीनता जैसे आरोपों से घिरा यह विद्यालय अब एक और गंभीर प्रकरण के चलते सुर्खियों में है। एक छात्र द्वारा इस रूकूल के अंग्रेजी विषय की शिक्षिका पर संवेदनशील और गंभीर आरोप लगाया गया है। छात्र ने इस व्याख्याता पर एक छात्र ने मानसिक प्रताड़ना और शरीर से संबंधित अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। छात्र द्वारा प्राचार्य को लिखित शिकायत सौंपा गया है।

शिकायत के अनुसार शिक्षिका द्वारा कक्षा में छात्र को अपमानित करने, उसके शैक्षणिक प्रदर्शन पर अशोभनीय टिप्पणी, क्लास के दौरान अनुचित व दुर्व्यवहार जैसे कृत्य करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि शिक्षिका का व्यवहार इतना कठोर और अमानवीय है कि छात्र अब विद्यालय आने में डर और असहजता महसूस करता है।

#### प्राचार्य ने किया जारी किया नोटिस

मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य द्वारा संबिंधत शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसमें कई चिंताजनक बातें उल्लेख की गई है। इसमें शिक्षिका द्वारा छात्रों के साथ लगातार दुर्व्यवहार किया जाता है। कक्षा का माहौल तनावपूर्ण और डर का बन गया है। छात्र बार- बार शिक्षिका बदलने की मांग कर रहे हैं क्योंकि वे उनके व्यवहार से मानसिक तौर पर प्रभावित हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की पढ़ाई लगातार बाधित हो रही है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि तीन दिनों के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो शिक्षिका के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### मुख्यालय में नहीं रहते कोई शिक्षक

यहां पदस्थ कोई भी शिक्षक नहीं रहते बल्कि हर दिन रायगढ़ से आना-जाना करते हैं। इसके कारण कभी समय पर नहीं पहुंचते तो समय से पहले क्लास छोड़कर चले जाते हैं। यह सब तब हो रहा है जब जिला प्रशासन पहले ही मुख्यालय में अनिवार्य निवास का निर्देश जारी कर चुका है। छात्र अभिभावक और स्थानीय सामाजिक संगठनों में इस पूरे मामले को लेकर भारी नाराजगी है।

---

## पुसौर कृषि विभाग ने किसानों को किया मिनी किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर कृषि विभाग के अधिकारी आरके पटेल ने मिनी कीट वितरण के लिए क्षेत्र के किसान मितान का एक बैठक बुलाकर उन्हें जरूरत मंद एवं छोटे किसानों को वितरित करने की कवायद की है।



जानकारी के मुताबिक रबी फसल के लिए मूंगफली, चना, तिल, गेहूं सहित अन्य धान बीज शासन द्वारा प्रत्येक जनपद क्षेत्र में दिया गया है। जिससे कृषि विभाग के लोग क्षेत्र में किसानों की आवश्यकता के आधार पर सीमांत लघु कृषकों वितरीत कर रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पहले मिनीकीट वितरण में पारिदर्शिता नहीं होने से कृषकों में असंतोष देखने को मिलता था ।

### ताराचंद को मिली दोबारा कमान, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**कोसीर।** ताराचंद देवांगन को दोबारा जिला कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपी गई है। घोषणा के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लोग कह रहे हैं कि संगठन को सशक्त करने के लिए इससे बेहतर फैसला और कोई नहीं हो सकता था। जिला अध्यक्ष पद के लिए छह दावेदार मैदान में थे, मगर कांग्रेस ने फिर से वही चेहरा चुना जिस पर जनता और कार्यकर्ताओं दोनों का भरोसा कायम रहा है। ताराचंद देवांगन के जिलाध्यक्ष बनते ही पूरी कांग्रेस में ऊर्जा का संचार हो गया है। युवा वर्ग खास तौर पर बेहद उत्साहित दिखाई दे रहा है। सबमें एक ही उम्मीद जाग उठी है कि अब संगठन और भी मजबूती से जमीन पर उतरेगा। अनुभव और जोश का यह संगम कांग्रेस को आने वाले राजनीतिक मुकाबलों में जीत का हौसला देगा।पुनर्नियुक्ति के बाद ताराचंद ने अपने बयान में कहा कि यह सम्मान नहीं बल्कि संघर्ष की नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि वे गांव गांव और घर घर तक कांग्रेस की आवाज पहुंचाएंगे तथा हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।



---

## विश्व एड्स दिवस पर कमतरा ग्राम पंचायत में लगा जागरूकता शिविर

**घरघोड़ा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायधीश जितेंद्र जैन के मार्गदर्शन में तथा सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के परिपालन में तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा की ओर से सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर ग्राम पंचायत कमतरा में जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान एड्स के प्रति जागरूकता एवं इसके रोकथाम और उपचार के बारे में बताया गया।



तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा की अध्यक्ष शहाबुद्दीन कुरैशी के निर्देशन में हुए शिविर में मितानिन प्रशिक्षण अधिकारी संतकुमार बैगा, अधिकार मित्र लवकुमार चौहान, तथा बालकृष्ण चौहान, मितानिन कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत ग्रामीण महिलाओं के उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित वालंटियर ने एड्स बीमारी के कारणों, रोग की शीघ्र पहचान के महत्व, समाज पर प्रभाव और रोकथाम के विभिन्न उपायों के बारे में बताया। उन्होंने इस बीमारी से जुड़े मिथक और भेदभाव को समाप्त करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। एमटी सन्तकुमार बैगा ने मितानिन कर्मियों से एड्स रोगियों के प्रति संवेदनशीलता बरतने को कहा।

### बुलेट समेत 8 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**राउरकेला।** रघुनाथपाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक संगठित मामले को सुलझा लिया है। चोरी हुई रॉयल एनफ़ील्ड बुलेट सहित कुल आठ मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। शिकायतकर्ता सुभाष बारिक की बुलेट ऑडी 14 एफ 1658 बीते 01 अक्टूबर की रात उनके घर के सामने से चोरी हो गई थी, जिसकी एफआईआर 02 अक्टूबर को दर्ज की गई। रघुनाथपाली पीएस धारा 303(2) बीएनएस के तहत जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी रोशन मुंडा 21 वर्ष निवासी देवगांव रामबस्ती, को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से आठ चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की गईं, जिनमें देवेंद्र यादव, मीनू केवट, उदय कुमार, अरुण मिन्ज, कुलदीप शुक्ला, सबसाहू और मुकेश कुमार सिंह की बाइकें शामिल हैं। पूछताछ में रोशन मुंडा ने कई अन्य मामलों में भी संलिप्तता कबूल की।

## सारंगढ़ में चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

रविवार को छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष अनिल कुमार चौहान की अध्यक्षता में गोंडवाना भवन सारंगढ़ में रखा गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रांताध्यक्ष बिंदेश्वर राम रौतिया उप प्रान्ताध्यक्ष विष्णु यादव, रवि गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष रायगढ़, कमल सिंह सारथी जिलाध्यक्ष आजाक विभाग रायगढ़ एवं अजय चौहान जिला कार्यकारिणी सदस्य रायगढ़ की उपस्थिति मे कर्मचारियों के समस्याओं से चर्चा शुरू करते हुए समस्या के निराकरण हेतु विशेष





मार्गदर्शन तक विचार विमर्श किया गया। आज छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा सत्र 2025 में सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारी साथियों का प्रान्ताध्यक्ष के शुभ हाथो से पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर शाल श्रीफल भेंट कर उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु रहने ससम्मान विदाई दिया गया।

---

### युवा कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए उस्मान

**रायगढ़।** युवा कांग्रेस की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूरे प्रदेश से आए जिला व विधानसभा पदाधिकारियों ने सहभागिता दर्ज की। बैठक में विशेष रूप से नव नियुक्त जिला अध्यक्ष उस्मान बेग का प्रादेशिक और राष्ट्रीय नेताओ ने सम्मान किया, जिन्हें संगठन ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए गहरा भरोसा जताया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह.प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की मौजूदगी ने माहौल को और ऊर्जा से भर दिया। नेतृत्व ने उस्मान बेग सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को आगामी राजनीतिक गतिविधियों, संगठनात्मक विस्तार और युवाओं को जोड़ने की रणनीति पर दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रदेशभर के प्रतिनिधियों ने अपनी भूमिका को मजबूती से निभाने का संकल्प भी दोहराया।





### राउरकेला स्टेशन में यात्री सुविधाओं का आभाव

**राउरकेला।** क्या राउरकेला स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री यह जानते हैं कि रेलवे रिकॉर्ड के अनुसार राउरकेला स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक दूसरे से जुड़े हुए नहीं हैं। कम से कम वर्ष 2014 में डिविजनल कमर्शियल मैनेजर पीए एंड टीसी द्वारा पत्र जारी कर 01 मई 2014 में ऐसी ही जानकारी दी गई थी। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि प्लेटफॉर्म जुड़े नहीं हैं तो प्लेटफॉर्म 2ए 3ए 4 और 5 पर पार्सल कैसे लोड होता है। सामान की ट्रॉलीए व्हीलचेयर और स्ट्रेचर कैसे पहुचते हैं। ये सभी गतिविधियाँ स्पष्ट करती हैं कि राउरकेला स्टेशन भी अन्य बड़े स्टेशनों की तरह ही सभी प्लेटफॉर्मों से जुड़ा है और यह दावा तथ्यों से मेल नहीं खाता।

## जीवन का सर्वोत्तम अनुशासन है राजयोगः मंजू दीदी

**सारंगढ़।** ब्रह्माकुमारीज प्रभु पसन्द भवन सारंगढ़ द्वारा आयोजित सात दिवसीय गीता ज्ञान शिविर के चौथे दिन राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी बिलासपुर ने श्रीमद् भगवद् गीता के तृतीय एवं चतुर्थ अध्याय के आधार पर जीवन में कर्मए समत्व और परमात्मा के वास्तविक स्वरूप पर विस्तृत प्रकाश डाला। दीदी ने कहा कि गीता का मूल संदेश कर्म की अवश्य भाविता है कर्म के बिना कोई भी आत्मा क्षणभर नहीं रह सकती। उन्होंने बताया कि गीता में वर्णित सभी योग ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग, समत्व योग, हठ योग और बुद्धि योग जीवन को श्रेष्ठ दिशा देने वाले हैं, परंतु विवेक ज्ञान और भावना भक्ति का संतुलन बनाकर किया गया कर्म ही समत्व योग कहलाता है। दीदी ने स्पष्ट किया कि श्रेष्ठ कर्म वही है जहां अहंकार या अंधविश्वास न हो। ऐसा योगी वह है जो मन द्वारा ज्ञानेंद्रियों को संयमित करे और कर्मेंद्रियों से बिना आसक्ति के श्रेष्ठ कर्म में संलग्न रहे।



### जीएसटी ठगी में आवेश व अमन गिरफ्तार

**राउरकेला।** बिना व्यापार और बिना सामग्री के नकली जीएसटी बिल तैयार कर 90 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। इनकी पहचान छतीसगढ़ के रायगढ़ के आवेश अग्रवाल व अमन सिंघानिया के रूप मे हुई। भुवनेश्वर जोनल यूनिट के राउरकेला क्षेत्रीय यूनिट, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में छापेमारी कर इन आरोपितों को पकड़ने में सफलता पाई। जांच में सामने आया कि आरोपितों ने ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में नकली जीएसटी इनवॉइस नेटवर्क संचालित कर करोड़ों रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी के रूप में बिल किया। रायगढ़, बारमकेला और अन्य कई लिंक इनके नेटवर्क से जुड़े थे। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड बरामद हुए, जिससे बड़े पैमाने पर नकली इनवॉइस की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में शामिल अन्य लिंक और संस्थाओं की पहचान के लिए जांच जारी है।

---

#### स्कूली बच्चे ने ही की ड्राइविंग, अन्य बच्चों ने किया लोड-अनलोड

# स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने छात्रों को बनाया मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सारंगढ़ जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलौनीकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां के प्रभारी प्राचार्य कुमार चौहान ने सारे कायदे-कानून को ताक में रखकर बच्चों से मजदूरी कराने का मामला सामने आया है। सलौनीकला में पढ़ने वाली छात्राओं को साइकिल वितरण करना है। योजना के तहत साइकिल का असेंबल भटगांव के प्रेमभुवन प्रताप सिंह शासकीय विद्यालय में हो रहा है। यहां सें आसपास के स्कूलों के प्राचार्य व प्रतिनिधि साइकिल लेकर जा रहे हैं।

इसी कड़ी में सलौनीकला में पढ़ने वाले छात्रों से ही ट्रैक्टर भेजकर साइकिल





मंगवाया गया। हद तो तब हो गई जब बच्चे ही ट्रैक्टर चलाते प्रेमभुवन प्रताप सिंह शासकीय विद्यालय पहुंचे जहां साइकिल लोडकर वापस लौटे। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। प्राचार्य की यह लापरवाही बच्चों की जिंदगी को खतरे में डालने जैसा है।

प्रभारी प्राचार्य कुमार चौहान के द्वारा इस तरह बच्चों के जान को जोखिम में डालकर साइकिल मंगवाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इस मामलें में प्रभारी प्राचार्य इस लापरवाही को थोड़ा सा मिस्टेक बताकर कार्रवाई से बचने की कोशिश करते भी नजर आए है।

#### जांच होनी चाहिए

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम प्रेमभुवन प्रताप सिंह विद्यालय भटगांव के प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज ने कहा कि परिक्षेत्र के 11 स्कूलों को साइकिल वितरण किया गया। जिसमें स्कूलों में प्राचार्य व उनके प्रतिनिधियों को साइकिल दिया गया है। सलौनीकला के बच्चों को वहां के प्राचार्य ने साइकिल लेने भेजा गया था। जिस तरह से बच्चों से साइकिल ढुलाई कराया गया है यह आपराधिक मामला है। इसकी जांच होनी चाहिए।

#### गलती हुई

> सलौनीकला स्कूल को 24 साइकिल मिलना था। गांव में ट्रेक्टर जुगाड़ कर साइकिल मंगाया गया है। स्टूडेंड का ही ट्रेक्टर था जिसे चलाकर वह ले गया था, मेरे से गलती हुई है।
>
> **कुमार चौहान,** प्रभारी प्राचार्य सलौनीकला स्कूल

